परियोजना का नाम–जनपद अल्मोडा में विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अर्न्तगत कटारमल सूर्य मन्दिर से बिसरा–कनैली होते हुए ज्योली रानीखेत तक लिंक मोटर मार्ग का निर्माण।
लम्बाई–2.750 है0

संलग्नक सं0–2.1

प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–**1935/III(2)/15–03–(मु0मं0घो0)/2015, दिनांक 26 मार्च, 2015** के द्वारा 4.00 कि0मी0 की लम्बाई हेतु 33.98 लाख की स्वीकृति प्राप्त है।

संरेखण न0–1(लाल रंग से):– इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित कटारमल–सूर्य मंदिर मोटर मार्ग से प्रारम्भ होता है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से ग्राम कटारमल, बिसरा के ग्रामवासी लाभान्वित होंगे। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में नाप व सिविल बेनाप प्रभावित होती है। इस संरेखन की लम्बाई 2.750 कि0मी0 आती है।

संरेखण न0–2(नीले रंग से):– इस संरेखण को नक्शे में नीले रंग से दर्शाया गया है। यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित कटारमल–सूर्य मंदिर मोटर मार्ग से प्रारम्भ होता है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से ग्राम कटारमल, बिसरा व कैनाली के ग्रामवासी लाभान्वित होंगे। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में नाप व सिविल बेनाप प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 4.00 कि0मी0 आती है। इस संरेखन में ग्राम–कैनाली के ग्रामवासी अपनी निजी भूमि मोटर मार्ग हेतु दिये जाने में आपत्ति व्यक्त कर रहे है। जिस कारण संरेखण सं0 2 को निरस्त किया गया।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तदनुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

अमीन प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0, अल्मोड़ा	कनिष्ठ अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0, अल्मोड़ा	सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा